छपरा-वाराणसी लाइन को बड़ी लाइन में बदलना

2782. **प्रो० सत्यदेव सिंह :** क्या रेल मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या छपरा – वाराणसी लाइन को बड़ी लाइन में बदलने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है,

(ख) यदि हां, तो इस विषय में क्या प्रगति हुई है, और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

रेल मन्त्रालय तथा संसदीय कार्य विभाग में उप मन्त्री (श्री मल्लिकार्जुन) (क) से (ग) फेफना – इन्दारा और जौनपुर–औड़िहार मीटर आमान की शाखा लाइन के खण्डों सहित वाराणसी – छपरा खण्ड के आमान परिवर्तन के लिए प्रारम्भिक इन्जीनियरी-एवं-यातायात सर्वेक्षण किया जा रहा है। आशा है कि इस सर्वेक्षण के लिए क्षेत्र कार्य शीघ्र ही पूरा कर लिया जायेगा। सर्वेक्षण पूरा हो जाने के बाद रिपोर्ट को संकलित किया जायेगा और उसे रेल मन्त्रालय को पेश किया जायेगा। रिपोर्ट मिल जाने पर इस मामले की सभी दृष्टिकोण से गहराई से जांच की जायेगी और यदि इस परियोजना को व्यवहार्य पाया गया तो इसके निर्माण का काम शुरू किया जायेगा, बशर्ते योजना आयोग द्वारा इसे स्वीकृति प्रदान कर दी जाये तथा धन राशि आबंटित की जाये।

पटना में गंगा पर रेलवे पुल

2783. **प्रो० सत्यदेव सिंह :** क्या रेल मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पटना के पश्चिम में गंगा नदी पर रेलवे पुल कब तक निर्मित किए जाने की सम्भावना है;

(ख) क्या इस पुल को हाजीपुर, पटना शहर के सामने बनाने का विचार है, और

(ग) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ?

रेल मन्त्रालय तथा संसदीय कार्य विभाग में उप-मन्त्री (श्री मल्लिकार्जुन) (क) से (ग) : इस पुल के निर्माण के लिए उपयुक्त स्थान का चयन करने के वास्ते केन्द्रीय जल एवं विद्युत अनुसंधान केन्द्र, पुणे द्वारा नमूना प्रयोग किए जा रहे हैं। इस पुल का तकनीकी – व्यावहारिकता अध्ययन करने के लिए एक प्रारम्भिक इन्जीनियरी-एवं-यातायात सर्वेक्षण भी 1981-82 के बजट में शामिल किया गया है। केन्द्रीय जल एवं विद्युत अनुसंधान केन्द्र की विस्तृत रिपोर्ट प्राप्त हो जाने के बाद इस पुल का निर्माण कार्य शुरू करने के बारे में अन्तिम निर्णय बिहार सरकार के साथ परामर्श करके किया जायेगा बशर्ते कि इसके लिए धन राशि उपलब्ध हो।